20.08.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ लोकसभा में 130वां संविधान संशोधन विधेयक पेश–इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेजने का प्रस्ताव।

○ बीकानेर से दिल्ली के बीच वंदे भारत ट्रेन के संचालन को मंजूरी।

○ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री मनोहर खट्टर से मुलाकात कर राज्य में ऊर्जा और आवासन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

○ राज्य के कई स्थानों पर हल्की बारिश से उमस और गर्मी से मामूली राहत।

000

गृहमंत्री अमित शाह ने आज लोकसभा में 130वें संविधान संशोधन विधेयक सहित तीन विधेयक पेश किये। इसके अनुसार प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्री के तीस दिन हिरासत में रहने पर उन्हें बर्खास्त कर दिया जाएगा। विपक्ष ने प्रस्तावित विधेयक का कड़ा विरोध करते हुए सदन में हंगामा किया। गृहमंत्री ने 130वें संविधान संशोधन विधेयक को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार भ्रष्टाचार और अन्य गंभीर मामलों में जेल में बंद प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को 30 दिन के बाद पद से हटाया जा सकता है। हालांकि रिहा होने पर वे दोबारा पदभार ग्रहण कर सकते हैं। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने विधेयक का विरोध किया। गृहमंत्री ने विपक्षी सदस्यों के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि विधायिका में नैतिकता के मूल्य बने रहें, इसलिए ये विधेयक लाया गया है।

000

लोकसभा में आज ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक–2025 पेश किया गया। केन्द्रीय इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णन ने विधेयक पेश करते हुए बताया कि इसका उद्देश्य पैसा देकर ली जाने वाली ऑनलाइन गेमिंग और उससे जुड़े वित्तीय लेन–देन और मनी गेमिंग विज्ञापनों पर रोक लगाना है। इस बिल के माध्यम से ई–स्पोर्ट्स और शैक्षणिक तथा सामजिक खेलों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें ऑनलाइन गेमिंग ऑथरिटी की नियुक्ति का भी प्रावधान किया गया है। ऑनलाइन गेम से जुड़े कानून के उल्लंघन पर तीन साल तक की कैद और एक करोड रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। अगर कोई, इस कानून का दोबारा उल्लंघन करता है, तो तीन से पांच साल तक की कैद, और दो करोड रुपये तक का जुर्माना, हो सकता हैं।

000

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के उप–राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन ने आज संसद भवन में अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केन्द्रीय मंत्री सहित गठबंधन के नेता मौजूद रहे। वहीं विपक्षी इंडिया गठबंधन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। वे कल अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उपराष्ट्रपति पद के लिए नाम दाखिल करने का कल अंतिम दिन है। 25 अगस्त तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। पर्चों की जांच शुक्रवार को होगी। चुनाव 9 सितम्बर को होगा।

000

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने समरसता बढ़ाने और अपराधों में कमी लाने के लिए सामाजिक सहयोग पर ज़ोर दिया है। उन्होंने कहा कि इसमें साधु संत और संस्थाएं प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। श्री मकवाना आज सचिवालय में आयोजित बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान आयोग के सदस्य वड्डेपल्ली रामचंदर और लवकुश कुमार भी उनके साथ रहे। अपने दौरे के दूसरे दिन आयोग ने

अनुसूचित जाति वर्ग अत्याचार निवारण नियम के तहत किये जा रहे कामों की समीक्षा की और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिये। बैठक में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि आयोग से मिले सुझावों पर अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों और मानसिकता में बदलाव लाने के लिए काम किया जाएगा।

000

राजस्थान को जल्द ही चौथी वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। ये रेलगाड़ी बीकानेर से दिल्ली के बीच चलेगी। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय कानून मंत्री और बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल ने इस संबंध में रेलमंत्री को हाल ही में पत्र दिया था। इसके बाद श्री वैष्णव ने वंदे भारत ट्रेन के संचालन को मंजूरी दी है। राजस्थान से फिलहाल तीन वंदे भारत रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने दिल्ली दौरे के दूसरे दिन आज केंद्रीय बिजली, आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। इस दौरान श्री शर्मा ने राज्य में ऊर्जा और आवासन से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के लिए अधिकतम अनुदान का भी आग्रह किया। इसके साथ ही जयपुर मैट्रो के दूसरे चरण की कार्य योजना को जल्द मंजूरी देने का अनुरोध किया। इस पर केन्द्रीय मंत्री की ओर से राजस्थान को हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया।

000

नगरीय विकास, स्वायत्त शासन और आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि राजस्थान आवासन मंडल हर वर्ग को सुविधाजनक आवास देने का प्रयास कर रहा है। श्री खर्रा ने आज जयपुर में मंडल की पांच नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ किया। 667 नये आवासों वाली ये योजनाएं बूंदी, बारां, बाड़मेर, धौलपुर और उदयपुर जिले में लाई गई हैं। इनमें फ्लैट्स और स्वतंत्र आवास दोनों ही विकल्प उपलब्ध हैं।

000

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती आज प्रदेशभर में सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर पुष्पांजलि कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पाली में इस मौके पर संगोष्ठी रखी गई और सूचना क्रांति के प्रणेता के तौर पर उनके योगदान को याद किया गया।

000

श्रीगंगानगर जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक पटवारी को 95 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। धनुर गांव के पटवारी पंखीलाल मीणा ने ये राशि पीएम फसल बीमा योजना की दावा राशि पास करवाने की एवज में मांगी थी। परिवादी किसान ने एसीबी में इस बाबत शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद टीम ने पटवारी को रिश्वत की नकद राशि के साथ पकड़ा।

000

मनरेगा के कामों में पारदर्शिता लाने और मजदूरों के भुगतान में गड़बड़ियों को रोकने के लिए युक्तधारा पोर्टल लॉंच किया गया है। ये पोर्टल पंचायतों में मनरेगा और अन्य विकास कार्यों की परख के लिए तस्वीरों का संग्रह करेगा। डीग जिले की पांच पंचायत समितियों को भी पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चयनित किया गया है। हमारी संवाददाता ने बताया कि इस पोर्टल से मनरेगा वॉटरशेड प्रबंधन और राष्ट्रीय कृषि विकास योजनाओं के कामों की निगरानी में मदद मिलेगी।

000

झुंझुनूं में सड़क हादसों की रोकथाम और यातायात नियमों की जागरुकता के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आज हेलमेट वितरित किये गये। जिला कलेक्टर अरूण गर्ग ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग की 200 से अधिक कार्मिकों को किफायती दर पर हेलमेट दिये। इस मौके पर श्री गर्ग ने लोगों को यातायात के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा।

000

आकाशवाणी जयपुर में आज हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ लेखक और साहित्यकार दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। केन्द्राध्यक्ष लोकेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने कार्यशाला में हिस्सा लिया।

000

राज्य के कई हिस्सों में आज हल्की बारिश का दौर चला। सवाईमाधोपुर, करौली, जालौर, बाड़मेर और आस–पास के क्षेत्रों में दोपहर बाद हुई बरसात से लोगों को उमस और गर्मी से मामूली राहत मिली। उधर, बांसवाड़ा जिले में दो दिन से कभी हल्की तो कभी तेज बारिश का सिलसिला बना हुआ है। माही बजाज सागर बांध में पानी की आवक जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पानी निकासी के लिए माही डेम के 16 गेट खोले जा रहे हैं।

000

मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से भारी बारिश दर्ज की गई। वहीं पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं हल्की बरसात हुई। सबसे ज्यादा 10 सेंटीमीटर पानी बांसवाड़ा के लोहारिया में बरसा। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, नागौर सहित अन्य कई स्थानों पर दिन का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है।

000

वर्ल्ड रैंकिंग पैरा आर्चरी प्रतियोगिता में राजस्थान के दो तीरंदाज़ भारतीय पैरा तीरंदाज़ी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। ये प्रतियोगिता चैक गणराज्य में 23 अगस्त से आयोजित की जा रही है।

000